बैठक

टी .एल . बैठक में लंबित प्रकरणों पर सख्ती, सीएम हेल्पलाइन और विकास कार्यों की गहन समीक्षा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

जल जीवन मिशन और लाड़ली बहना योजना की प्रगति पर प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज

पांढुर्णा/25 फरवरी, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समय-सीमा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों तथा केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की बिंदुवार, तथ्यपरक एवं गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों से विभागों में लंबित मामलों एवं समय-सीमा में पूर्ण न हो पाने वाले कार्यों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।

सीएम हेल्पलाइन और डी-ग्रेड विभागों पर सख्ती

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की स्थिति की कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा गहन समीक्षा की गई और 500 एवं 1000 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत डी ग्रेड में आने वाले सभी विभागों को सुधार के लिए कड़े निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग को शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए तथा सभी डी ग्रेड से संबंधित विभागों को भी त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

राजस्व एवं प्रशासनिक प्रकरणों की समीक्षा

राजस्व एवं प्रशासनिक प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सुभाष कवडेती, निवासी काराघाट कामठी द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड दुरुस्ती प्रकरण की समीक्षा कर तहसीलदार को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। गौतम सहारे द्वारा आवागमन मार्ग बंद होने पर उसे पुन: चालू करने संबंधी आवेदन पर भी तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। सौंसर विकासखंड के आदिवासी कोरकू मावाशी जाति के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए।

अधोसंरचना एवं लोक निर्माण कार्यों की प्रगति: अधोसंरचना एवं लोक निर्माण कार्यों की समीक्षा में लोक निर्माण विभाग के पीडब्ल्यूडी अधिकारी से कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जिले की प्रमुख सड़कों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर जहां सुधार आवश्यक है, वहां शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा

जल जीवन मिशन के अंतर्गत संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पांढुर्णा में शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। 'जल संचय जन भागीदारी 2.0' के तहत जिले के 37 गांवों को पोर्टल पर अपलोड किए जाने की जानकारी दी गई। जल संसाधन विभाग, सौसर को जिला खनिज अधिकारी के सहयोग से केंद्रीय जल आयोग अंतर्गत स्थल बिछू भग्गू तहसील सौसर में रेत खनन गतिविधियों संबंधी जानकारी एकत्र कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आंगनवाड़ियों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन नाश्ता एवं गर्म भोजन उपलब्ध कराने का प्रावधान सुनिश्चित करने तथा उन्हें 500 किलो कैलोरी (दैनिक ऊर्जा का 50 प्रतिशत) प्राप्त हो सके, इस पर विशेष बल दिया गया। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्राप्त न होने की स्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर शीघ्रताशीघ्र लाभ सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

कृषि, मत्स्य एवं अन्य विभागीय समीक्षा

कृषि एवं अन्य विभागीय समीक्षा के अंतर्गत 'प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना' के तहत सोलर पंप स्थापना की गतिविधियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मत्स्य विभाग से कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आगामी कमिश्नर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। संकल्प से समाधान योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज़

सौसर 25 फरवरी. आज संयुक्त मोर्चा विकासखंड सौसर द्वारा मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को 31 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्रमुख मांग में वरिष्ठता बहाली, ओल्ड पेंशन, पदोन्नति, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता प्रदान करनेआदि समाहित है। ज्ञापन सौपते समय मोर्चा के पदाधिकारी में दिनेश होलकर, प्रेमराज लांडे, राजेंद्र सरवरे, राहुल गोडबोले, साहेबु उइके, राजु तुपकर, सद्दु धुर्वे, दिलीप बुरहान, आर के लोखंडे आदि उपस्थित रहे।

जाति प्रमाणपत्र की जांच के घेरे में मुख्य अभियंता, 2 मार्च को राज्य स्तरीय समिति के समक्ष होंगे उपस्थित

पांढुर्णा। मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग में पदस्थ मुख्य अभियंता संजय मस्के के अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र की वैधता की जांच की जा रही है। आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, श्री मस्के को उनके जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए राज्य स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यह बैठक 2 मार्च 2026 को दोपहर 03:30 बजे मंत्रालय (वल्लभ भवन) के कक्ष क्रमांक-341 में आयोजित की जाएगी। समिति ने श्री मस्के को निर्देशित किया है कि वे वर्ष 1950 की स्थिति में पांढुर्णा (मध्यप्रदेश) के निवासी होने तथा स्वयं को 'चमार' अनुसूचित जाति का सदस्य प्रमाणित करने संबंधी मूल साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत करें।

नारकोटिक्स नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय NCORD समिति की बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

पांढुर्णा / 25 फरवरी , कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में नारकोटिक्स नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय NCORD समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। कलेक्टर श्री वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में नशे के विरुद्ध व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। संबंधित विभागों को अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को ग्राम एवं कस्बा क्षेत्रों में बिकने वाली अवैध महुआ शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने तथा महुआ लाहन को नष्ट कराने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया है कि डॉक्टरों द्वारा मेडिकल परीक्षण के दौरान यदि कोई व्यक्ति एक ही दवा बार-बार क्रय कर रहा हो, तो मेडिकल विक्रेताओं द्वारा इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को अनिवार्य रूप से दी जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग को नशीले सिरप एवं अन्य नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से बिना बिल एवं बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयों का विक्रय करने वाले मेडिकल स्टोर्स की जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर नशे के विरुद्ध व्यापक एवं सख्त अभियान

मुनि संघ के सन्निध्य में निकली श्रीजी की शोभा यात्रा

विश्वशांति महायज्ञ के साथ सिद्ध चक्र विधान सम्पन्न

नवभारत न्यूज़

सौसर 25 फरवरी. नगर के श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं मूलवेदी , मानस्तंभ शिलान्यास पूजा के अंतिम दिन विश्व शांति महायज्ञ के साथ समापन हुआ मंदिर में सुबह 6 बजे श्रीजी का अभिषेक और नित्य पूजा हुई दोपहर में पूजा में इंद्र इंद्राणी बने श्रावकों ने विश्व शांति महायज्ञ किया शाम चार बजे पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के शिष्य श्रवण मुनि श्री 108 सुप्रभ सागर जी महाराज और मुनि श्री 108 प्रणत सागर जी महाराज ,

के सानिध्य में श्री जी को विमान में विराजमान कर नगर भ्रमण करने भव्य शोभायात्रा निकाली जो

सिविल लाइन, रेलवे चौकी ,भवानी माता मंदिर ,बस स्टैंड,बाजार चौक होकर जैन मंदिर पहुंची मंदिर में मुनि महाराज द्वारा श्री जी का शांतिमंत्र अभिषेक हुआ

वही जैन मंदिर अध्यक्ष यूसी ने बताया कि सौसर जैन मंदिर जीर्णोद्धार के साथ मूलवेदी और मानस्तंभ का निर्माण होना है जिसको लेकर मुनि संघ के सन्निध्य में पांच दिवसीय पूजा सकल जैन समाज द्वारा आयोजित की गई थी जिसका बुधवार को पूजा सम्पन्न हु वही आगामी दिनों पंचकल्याणक के बाद मूलवेदी पर भगवान को विराजमान किया जाएगा।

जैन धर्म तपस्या , करुणा, सत्य, त्याग का: विधायक विजय चोरे

सिद्ध चक्र विधान के अंतिम दिन कार्यकम में क्षेत्रीय विधायक विजय चोरे कार्यकम में शामिल हुए और श्रवण मुनि श्री 108 सुप्रभ सागर जी महाराज और मुनि श्री 108 प्रणत सागर जी महाराज के दर्शन कर उन्हें कहा कि तपस्या , करुणा, सत्य, त्याग अगर सीखना है तो जैन धर्म से सीखा चाहिए सकल जैन समाज सौसर द्वारा एक अच्छा आयोजन किया उन्होंने मंदिर

कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि किसी भी राजनैतिक दल का हो हम सब की जिम्मेदारी होती है कि क्षेत्र को जनता के लिए क्या करें उन्होंने मंदिर परिसर में विधायक निधि से टीन शेड लगवानी की घोषणा की

इस दौरान कार्यक्रम में मुनि संघ का आशीर्वाद लेने व्यापारी संजय राठी, नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे , पार्षद भारत तरारे, रविशंकर धुर्वे, बापू ठाकरे दर्शन झाड़े, सुभाष गुप्ता सहित अन्य लोगों का जैन समाज द्वारा सत्कार किया।

ओबीसी महासंघ सौंसर ब्लाक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी उषा पारधी को सौंपी

सौंसर 25 फरवरी. राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ मध्यप्रदेश में महिला ब्लाक सौसर अध्यक्ष पद पर उषा अखिलेश पारधी की नियुक्ति की गई हैं। राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ मध्यप्रदेश (प्रदेश अध्यक्ष) रत्नमाला पिसे ने महासंघ के कार्य को सौसर क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता व ओबीसी वर्ग हित हेतु उषा पारधी का चयन किया गया। परिवार तथा मित्रों ने शुभकामनाएं देते हुए अग्रिम कार्य की बधाई दी। साथ ही 23 मार्च को जंतर-मंतर दिल्ली में जाती निहित जणगनना संबंधित ओबीसी वर्ग का महाआंदोलन में अधिक से अधिक ओबीसी बंधुओं को अपना सामाजिक न्याय के लिए उपस्थित होने की अपिल की।

ऑरेंज फेस्टिवल में किसानों को बताए दुग्ध व्यवसाय के बढोतरी के उपाय

नवभारत न्यूज़

पिपला नारा.वार 25 फरवरी समीपस्थ घोघरा रिधोरा के ऑरेंज फेंस्टिवल अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की श्रृखंला में मंगलवार को संतरा उत्पादन एवं दुग्ध व्यवसाय विषय पर एक विषेष मार्गदर्षन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्र के बडी संख्या में किसान, दुग्ध उत्पादक एवं कृषि पषुपालन क्षेत्र से जुडे हितग्राही षामिल हुये। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सौसर फार्मर प्रोडयूसर ऑर्गेनाइजेशन के प्रमोटर एवं पूर्व विधायक अजय चौरे ने कहा कि, किसानों की आर्थिक मजबूती के लिये संतरा उत्पादन के साथ दुग्ध व्यवसाय का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धति और संगठित विपणन के माध्यम से किसान अपनी आय में कई गुणा वृद्धि कर सकते है। एसएफपीओ किसानों को प्रषिक्षण, मार्गदर्षन एवं बाजार से जोडने का सतत प्रयास कर रहा है। उन्होने किसानों से समूह में कार्य करने, गुणवत्ता सुधार और नवाचार अपनाने का आव्हान किया। इस दौरान राम मुखेकर ने उपस्थित किसानों को संतरा उत्पादन में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन बढाने के आधुनिक उपायों तथा पषु संवर्धन से जुडे व्यावहारिक और उपयोगी बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्षन प्रदान किया। उन्होने वैज्ञानिक तकनीकों, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण, उन्नत नस्ल प्रबंधन तथा विपणन रणनीतियों पर प्रकाष डालते हुये किसानों को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया। किसानों ने इस आयोजन को अत्यंत लाभकारी बताते हुये भविष्य में ऐसे और प्रशिक्षण एंव मार्गदर्षन सत्र आयोजित करने की मांग की। अंत में सौसर फार्मर प्रोडयूसर ऑर्गेनाइजेशन के प्रमोटर श्री चौरे द्वारा अतिथियों, मार्गदर्शकों, किसानों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

भारतीय मजदूर संघ ने अपनी विविध मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज़

सौंसर 25 फरवरी. आज भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम अनुसार भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी पांढुरना द्वारा मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को कर्मचारी हित, श्रमिक हित, संविदा कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी एवं शासन और प्राइवेट सभी यूनियनों के पदाधिकारी द्वारा मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष तालुकदार सिंह , जिला मंत्री प्रकाश मेश्राम ,जिला उपाध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग से प्रफुल्ल ठाकरे, कर्मचारी संघ के नेता राजू खंडाइत ,आंगनवाड़ी आंगनवाड़ी सहायिका इतवारा हेडाऊ, ज्योति बाग, संगीता शेंद्रे ,सुनीता चौरे, रेमंड यूनियन के पदाधिकारी धीरेंद्र करडमारे ,भोजराज धोतके, आनंद ठाकरे, राजू गायकवाड, प्रभु सिंह , गोविंद चोरियां, प्रकाश गजभिए आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग से सुनील विश्वकर्मा, राकेश गोस्वामी आदि कर्मचारी इस विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए और प्रशासन को ज्ञापन सोपा।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव : चार दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज़

सौंसर 25 फरवरी. डहरवाल कलार समाज सौसर के तत्वावधान में भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु मंदिर सिविल लाइन में भगवान सहस्त्रबाहु की श्रीमूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का चार दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समाज की एकता, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक बंटी साहू सांसद छिंदवाड़ा - पांढुर्ना उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय रेवनाथ चौरे विधायक नानाभाऊ मोहोड पूर्व राज्य मंत्री , संदीप भाऊ मोहोड अध्यक्ष भाजपा पांढुर्ना , श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा एवं विशेष अतिथि के रूप में डहरवाल कलार समाज संगठन प्रांतीय समिति मध्य प्रदेश, जिला समितियाँ, तहसील एवं ग्रामीण समितियाँ ङ्क बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा के पदाधिकारीगण गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। कल 26 फरवरी को वेदी पूजन एवं गणपति पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। आगामी दिनों में विविध धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, हवन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन के आयोजक डहरवाल कलार समाज संगठन सौसर एवं डहरवाल कलार समाज महिला समिति सौसर हैं। समस्त समाजबंधुओं से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

पांढुर्णा. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार तथा जिला रोजगार कार्यालय पांढुर्णा, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र छिंदवाड़ा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पांढुर्णा के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन25 फरवरी को किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शहनाज खान द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शहनाज खान ने स्वागत उद्बोधन देते हुए उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा कलेक्टर श्री वशिष्ठ एवं जिला रोजगार केंद्र छिंदवाड़ा/पांढुर्णा का रोजगार मेले का आयोजन महाविद्यालय परिसर में कराने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छात्र हित में इस प्रकार के रोजगार अवसर युवाओं के जीवन में नई दिशा और उमंग भरते हैं तथा युवा संगम रोजगार मेले के उद्देश्यपर भी प्रकाश डाला। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपने करियर की शुरुआत करने और अपने सपनों को साकार करने का एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

मानसिक रोगों से डरें नहीं, उपचार अपनाएं : धवले

पांढुर्णा। ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा पांढुर्णा विकासखंड में संचालित नलम सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ग्राम नांदनवाड़ी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती शशिकला वरखडे, संस्था निदेशक श्रीमती विजय धवले, उपसरपंच श्रीमती वर्षा इनकर, पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती लक्ष्मी इरपाची एवं संस्था के नलम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तेज हवा और बारिश से गेंहू की फसलें जमीदोंज, किसानों को भारी नुकसान

नवभारत न्यूज़

पिपला नारा.वार 25 फरवरी. गत दो दिवस से मौसम में आये अचानक बदलाव ने किसानों की चिंता बढा दी है। सोमवार को जहां क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली वही मंगलवार को दिनभर बादल छायें रहे और रूक-रूककर बारिष होती रही। इसके साथ ही पिपला क्षेत्र के बाहर कई ग्रामीण अचंलों में तेज आंधी और मुसलधार बारिष के चलते गेहू की खडी फसलें पूरीतरह जमीदोज हो गई। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पडा है। तेज हवाओं के कारण खेतों में लहलहाती गेहू की फसलें गिरकर चौपट हो गई। कई स्थानों पर बालियां जमीन से चिपक गई। जिससे कटाई में परेशानी के साथ-साथ उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि, पिछलें दो दिनों से लगातार चल रही तेज हवाओं और बारिष ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। होली जैसे पर्व के समय फसल खराब होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी साफ नजर आ रही है। पहले ही लागत बढने और मौसम की मार से परेषान किसानों के सामने अब आर्थिक संकट गहाराता दिखाई दे रहा है। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, ताकि, उन्हें इस आपदा से कुछ राहत मिल सके।

कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

पांढुर्णा। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार25-02-2026 को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि जिला स्तरीय बैठकों का उद्देश्य बैंकों और विभागों के समन्वय से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा वित्तीय समावेशन के जरिए आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

पेंशन व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा

नवभारत न्यूज

पांढुर्णा / 25 फरवरी, कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आज वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में हुआ । बैठक का उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं पर समग्र रूप से विचार-विमर्श कर उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना रहा।

बैठक के दौरान पेंशनर्स की केंद्र एवं राज्य स्तरीय सामूहिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से यह विषय प्रमुख रहा कि पेंशनरों को बैंक के माध्यम से पेंशन नियमित रूप से प्राप्त हो रही है अथवा नहीं। पेंशन भुगतान में आने वाली तकनीकी एवं प्रक्रियागत कठिनाइयों पर बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा त्वरित निराकरण के उपायों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक समन्वय के निर्देश दिए गए।

जिला पेंशनर्स अधिकारी श्रीमती हीरावती ऊईके ने पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं, उनके समाधान एवं व्यवहारिक सुझावों की जानकारी विस्तार से प्रस्तुत की। उन्होंने पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं में आ रही दिक्कतों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा संबंधित विभागों के समन्वय से समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उपाय बताए।

बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, प्रबंधक लीड बैंक पांढुर्णा श्री चिरंजीव झा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राजकुमार ईवनाती सहित पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने पेंशनर्स की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

कलेक्टरनीरज कुमार वशिष्ठ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशनर्स समाज का सम्मानित वर्ग हैं तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन भुगतान, बैंकिंग प्रक्रियाओं एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों का समन्वयपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पेंशनर्स को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक के अंत में पेंशनर्स द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार की संवादात्मक बैठकों के माध्यम से समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया जारी रखने पर बल दिया गया।